संख्या-5/1927/नौ.-9-13-400ज/11

प्रेषक,

सी0बी0 पालीवाल,
प्रमुख सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

निदेशक,
स्थानीय निकाय,
उ0प्र0।

नगर आयुक्त,
नगर निगम,
आगरा।

नगर विकास अनुभाग-9 लखनऊ : दिनांक 28 नवम्बर, 2013

विषय: मेसर्स टोरेण्ट पावर लि0 का नगर निगम, आगरा के विरूद्व बकाया विद्युत का भुगतान किये जाने के सम्बंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक कृपया शासनादेश संख्या-2106(1)/9-9-2012-89ज/12 दि0 20 दिसम्बर, 2012 एवं संख्या-1556/9-9-2013-400ज/11 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से मेसर्स टोरेण्ट पावर लि0 का नगर निगम, आगरा के विरूद्व बकाया धनराशि का भुगतान किये जाने के सम्बंध में यह निर्देश दिये गये है कि नगर निगम, आगरा के विरूद्व मेसर्स टोरेण्ट पावर लि0 की समस्त बकाया धनराशि का अभिलेखों से में मिलान कर राज्य वित्त आयोग की धनराशि से **At source** कटौती करके भुगतान सुनिश्चित किया जाया।

2. मेसर्स टोरेण्ट पाव लि0 के पत्र दिनांक 12 नवम्बर 2013 (प्रति संलग्न) द्वारा अवगत कराया गया है कि जल संस्थान आगरा, के विरूद्व माह जुलाई, 2013 तक का रू0 11,63,83,882/- का बकाया भुगतान तथा माह अगस्त, 2013 से अग्रिम माहों का भुगतान उन्हें अभी तक नहीं किया गया है।

3. इस सम्बंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि उपर्युक्त संदर्भित शासनादेश दिनांक 20 दिसम्बर, 2012 में दिये गये निर्देशानुसार मेसर्स टोरेण्ट पावर के समस्त विद्युत बकाया धनराशि का भुगतान अभिलेखों से मिलान कर राज्य वित्त आयोग की धनराशि से **At source** कटैती करके सुनिश्चित किया जायेगा। क़पया तद्.नुसार कार्यवाही करते हुए कृत कार्यवाही से शासन को अवगत कराने का कष्ट करें।

संलग्नक:यथोक्त।

भवदीय
ह0/-
(श्रीप्रकाश सिंह)
विशेष सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in

संख्या-1927(1)/नौ-9-2013 तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखत को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:

1. प्रमुख सचिव, ऊर्जा विभाग उ0प्र0 शासन।
2. प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0 शक्ति भवन, लखनऊ।
3. निदेशक, टोरेण्ट पावर लि0, इलेक्ट्रिक हाऊस, लाल दरवाजा, अहमदाबाद-380001,

आज्ञा से,

ह0/-

(श्रीप्रकाश सिंह)

विशेष सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in